# कॉपीराइट उल्लंघन के आरोपों पर बोले आयुष्मान खुराना

आयुष्मान खुराना लगातार अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस से लोगों को दिल जीत रहे हैं। अलग तरह की फिल्मों को चुनने के कारण वह सफल हो रहे हैं लेकिन उनकी अगली फिल्म बाला कई सारे विवादों में फंस गई है।

सबसे पहले फिल्म के मेकर्स का विवाद सनी सिंह स्टारर उजड़ा चमन से हुआ जिसे लेकर कहा गया कि दोनों की कहानियों में काफी समानता है। इसके बाद अब नया विवाद फिल्म के एक गाने को लेकर है। दरअसल, कंपोजर छ्व्ह्रद्गह्वह्य सोशल मीडिया पर फिल्म के मेकर्स, रैपर बादशाह और सचिन-जिगर पर जमकर बरसे हैं। हाल ही में जब इस बारे में आयुष्मान से पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह लेबल्स का कॉल है। उन्हें यूके लेबल से राइट्स मिले। उन्होंने राइट्स के लिए पैसे चुकाए और अब उन्हांने राइट्स खरीद लिए हैं। ऐसे में विवादों को खत्म हो जाना चाहिए।

**क्या है विवाद?**

बाला का गाना डोन्ट बी शाय



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

ऋह्वद्गद्ग और छ्व्ह्रद्गह्वह्य के ऑरिजनल गाने का रीमेक है। रीमेक को सचिन-जिगर ने कंपोज किया है और इसे मशहूर रैपर बादशाह और सिंगर शालमली खोलगडे ने अपनी आवाज दी है।

जब Dr Zeus को यह गाना कुछ खास रास नहीं आया तो उन्होंने ट्विटर पर फिल्म के मेकर्स, रैपर बादशाह और कंपोजर सचिन-जिगर से नाराजगी जताई।

उन्होंने इन सभी को टैग करते हुए लिखा, क्या तुम लोग पागल हो गए हो। तुमने डोन्ट बी शाय और कंगना को कब कंपोज किया? तुम लोगों की हिम्मत कैसे हुई मेरे पुराने गाने इस्तेमाल करने की और उसका कबाड़ा करने की।

मेरा वकील अब तुमसे बात करेगा। हालांकि, बादशाह ने छ्व्ह्रद्गह्वह्य के इस ट्वीट पर अपनी सफाई भी दी और कहा कि वह गलत समझ रहे हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा, मुझे डोन्ट बी शाय पर हो रहे बवाल की जानकारी है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि हम आपसे बहुत प्यार और आपका बहुत सम्मान करते हैं छ्व्ह्रद्गह्वह्य पाजी। आपको मुझसे नाराज होने का पूरा अधिकार है क्योंकि आप मेरे सीनियर हैं और आपसे मैंने बहुत कुछ सीखा है।

यह आश्वस्त करने के बाद कि हमारे पास इसके जरूरी अधिकार हैं, हमने यह गाना लिया और सचिन-जिगर ने इसे रीक्रिएट किया लेकिन अगर अभी भी कुछ गलतफहमी है तो मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि इन्हें जल्द से जल्द साफ कर दिया जाएगा। मैं आपको सपोर्ट करता हूं Dr Zeus पाजी। बता दें, डायरेक्टर अमर कौशिक की फिल्म बाला एक ऐसे आदमी कहानी है जो गंजेपन की समस्या से जूझ रहा है। फिल्म में यामी गौतम और भूमि पेडनेकर भी अहम किरदारों में हैं। बाला सिनेमाघरों में 7 नवंबर 2019 को रिलीज होगी।

# फ्लॉप फिल्मों से दुखी शाहरुख खान ने कहा, खराब फिल्म जानबूझकर नहीं बनाई

शाहरुख खान के हाथ पिछले कुछ समय से कोई बड़ी सफलता नहीं लगी है, उनका कहना है कि उन्होंने जानबूझकर कभी खराब फिल्मों का निर्माण नहीं किया है। शाहरुख ने शनिवार को अपना 54वां जन्मदिन मनाया और इस दौरान इस बात की अटकलें लगाई जा रही थीं कि इस दिन कर शायद वह अपने किसी फिल्म का ऐलान सकते हैं, हालांकि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ और इससे उनके प्रशंसक काफी निराश हो गए हैं।

मुंबई में अपने जन्मदिन के जश्न के दौरान शाहरुख ने अपने प्रशंसकों से कहा, मुझे पता है कि कई सारे लोग सोशल मीडिया पर लिख रहे थे और मीडिया से जुड़े लोग अनुमान लगा रहे कि मैं अपने जन्मदिन पर किसी फिल्म का ऐलान करने जा रहा हूं, मेरी फिल्मों की खूबसूरती आप सभी की वजह से है। जिस भी दिन इसकी घोषणा की जाएगी, वह हमारा जन्मदिन होगा। उन्होंने आगे कहा, जब मैं एक अच्छी फिल्म बनाता हूं तो आपको खुशी होती है और जब मैं कोई बुरी फिल्म बनाता हूं तो आपको दुख होता है। मैं इस बात को समझता हूं और इसका सम्मान करता हूं। मैंने कभी जानबूझकर बुरी फिल्म बनाने की कोशिश नहीं की, लेकिन ऐसा हो जाता है। ठीक इसी तरह, मैंने कभी कोई अच्छी फिल्म बनाने की भी कोशिश नहीं की, बस हो गया है। शाहरुख की पिछली कुछ फिल्में फैन, रईस, जब हैरी मेट सेजल और जीरो उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। फिल्मों से ब्रेक लेने की वजह को शेयर करते हुए शाहरुख ने कहा, जब कभी मैं चोटिल हुआ हूं, मैंने चोट लगने के बावजूद काम किया है, ऐसा कभी नहीं हुआ कि मैं पूरी तरह ठीक होने के बाद ही काम पर गया हूं, इसलिए मैंने सोचा मैं कुछ वक्त निकालता हूं, इस बार पूरी तरह ठीक हो जाता हूं। चूंकि मेरे बच्चे कॉलेज जा रहे थे, तो मैंने सोचा कि उनके साथ थोड़ा वक्त बिता लेता हूं और इन सबके साथ मैं अपनी फिल्मों के लिए कुछ ऐसी कहानियों के बारे में सोचना चाहता था जो लोगों को पसंद आए।



## सूर्यवंशी के लिए गोलमाल की तरह कार्निवल सॉन्ग शूट करेंगे अक्षय कुमार

हाउसफुल 4 में अपने ऐक्ट से फैंस को हंसाने वाले अक्षय कुमार अब एक बार फिर ऐक्शन मोड में लौटने को तैयार हैं। वह अगली फिल्म सूर्यवंशी में किक्स और पंच लगाते नजर आएंगे। फिल्म का एक महीने का लंबा शेड्यूल हैदराबाद में प्लान हुआ है जो कि नवंबर के आखिर तक चलेगा। एक ग्रैंड सॉन्ग पर भी काम चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने अक्षय के साथ बड़े पैमाने पर एक कार्निवल सॉन्ग शूट करने की प्लानिंग की है। यह कुछ गोलमाल अगेन और सिंबा के डांस नंबर्स जैसा होगा। कहा जा रहा है कि गाना अक्षय कुमार, कटरीना कैफ और सूर्यवंशी की बाकी स्टारकास्ट पर फिल्माया जाएगा।

# बिकीनी पहन बीच पर धूप का मजा लेती दिखीं मल्लिका शेरावत



बोल्ड रोल्स और अदाओं से बीटाउन में खास जगह बनाने वाली मल्लिका शेरावत इन दिनों भले ही बॉलिवुड से दूर हैं, लेकिन उनके ग्लैमरस अंदाज में कोई कमी नहीं आई है। ऐक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक फोटो शेयर किया है जिसमें वह काफी हॉट नजर आ रही हैं। मल्लिका शेरावत ने इंस्टाग्राम पर मंडे ब्लूज को बीट करने का तरीका बताया है। इसके लिए वह बीच पर सेक्सी टू पीस बिकीनी पहने धूप का मजा लेती दिखाई दीं। उन्होंने अपने इस हॉट फोटो के साथ लिखा मंडे ब्लूज को चमकते सूरज की धूप का मजा लेते हुए मल्लिका अपने इंस्टाग्राम के जरिए अपनी जिंदगी की झलक भी फैन्स को दिखाती हैं। वह अपनी फैमिली, दोस्तों और कहीं जाने के दौरान की भी तस्वीरें शेयर करती हैं। वैसे 43 की उम्र में भी मल्लिका शेरावत जितनी फिट हैं और अभी तक खूबसूरती बरकरार रखे हुए हैं वह वाकई तारीफ के काबिल है। यह ऐक्ट्रेस वीगन डायट फॉलो करने के साथ ही एक्सरसाइज भी करती है ताकि वह खुद को फिट भी रख सकें।